भीलवाड़ा फोकस

RNI No. : RJHIN/25/A0890

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

वर्ष - 02 | अंक - 76 | बिजौलिया - शनिवार,31 अक्टूबर,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

सीएम भजनलाल शर्मा बोले, कांग्रेस ने सेना को भी नहीं छोड़ा, हर संवैधानिक संस्था पर उठाती है सवाल

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को कोटा से भाजपा के 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत पदयात्रा रैली की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस ने कभी लोकतंत्र की मर्यादाओं का सम्मान नहीं किया और समाज को बांटने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने देश की किसी भी संवैधानिक संस्था को नहीं छोड़ा। कभी सेना, कभी चुनाव आयोग तो कभी सुप्रीम कोर्ट पर सवाल उठाए जाते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया भर में भारत का मान-सम्मान बढ़ रहा है। इसके बावजूद कांग्रेस चुनाव परिणामों को लेकर दोहरा रवैया अपनाती है। जब परिणाम उसके पक्ष में आते हैं तो लोकतंत्र मजबूत दिखाई देता है, लेकिन जब जनता का फैसला उसके खिलाफ आता है तो लोकतंत्र पर सवाल खड़े किए जाने लगते हैं।



चुनाव हारने पर ईवीएम को बताने लगते हैं गलत

भजनलाल शर्मा ने कहा कि चुनाव में मतदान जनता करती है, लेकिन कांग्रेस का रवैया परिणाम के हिसाब से बदल जाता है। जहां कांग्रेस जीतती है, वहां ईवीएम सही होती है और जहां हारती है, वहां ईवीएम में गड़बड़ी के आरोप लगाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कभी चुनाव आयोग तो कभी सुप्रीम कोर्ट पर सवाल उठाती है। सेना को भी इस तरह के आरोपों से नहीं छोड़ा गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई की बात करते हैं। उनका कहना है कि न खाऊंगा और न खाने दूंगा। जो भ्रष्टाचार करेगा, उससे हिसाब लिया जाएगा। लेकिन जब भ्रष्टाचार के मामलों में कार्रवाई होती है तो कांग्रेस जांच करने वाली संस्थाओं पर ही सवाल उठाने लगती है।

गहलोत सरकार के कार्यकाल पर भी साधा निशाना

मुख्यमंत्री ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके शासनकाल में सत्ता संघर्ष के दौरान करीब चार महीने तक विधायक होटलों में बंद रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि पंचायत और निकाय चुनावों को दो-दो साल तक खिंचवाया गया। हर तीन महीने में आचार संहिता लगने से सरकारी कामकाज प्रभावित हुआ और जनता के धन का नुकसान हुआ।

भजनलाल शर्मा ने 'वन स्टेट, वन इलेक्शन' के मुद्दे का जिक्र करते हुए कहा कि जब एक साथ चुनाव कराने की बात उठी थी, तब कांग्रेस की ओर से कहा जाता था कि काकाजी भी एक साथ चुनाव नहीं करवा सकते। मुख्यमंत्री ने तंज कसते हुए कहा कि काकाजी ने एक साथ चुनाव करवा दिए।

भाजपा सरकार में 410 परीक्षाएं, एक भी पेपर लीक नहीं होने का दावा

मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए भर्ती परीक्षाओं और रोजगार के मुद्दे पर भी कांग्रेस को घेरा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में अब तक 410 परीक्षाएं आयोजित की गई और इनमें से एक भी परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक नहीं हुआ। वहीं, पूर्ववर्ती सरकार के समय हुए पेपर लीक मामलों में करीब 600 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश के 1.92 लाख युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए जा चुके हैं, जबकि 1.18 लाख पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है। इसके अलावा करीब सवा लाख पदों के लिए भर्तियां निकाली गई हैं।

मुख्यमंत्री ने भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई का उल्लेख करते हुए कहा कि 265 से अधिक अधिकारी और कर्मचारियों को निलंबित किया गया है। करीब 700 कर्मचारियों और अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। कुछ मामलों में पेंशन रोकी गई है, जबकि कुछ कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त भी किया गया है।

बैलेट पेपर के चुनाव परिणामों का भी किया जिक्र

भजनलाल शर्मा ने हाल ही में हुए विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) चुनावों के परिणामों का हवाला देते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बैलेट पेपर से होने वाले चुनावों में भी हार का सामना कर रही है और उसे शून्य सीटें मिली हैं।

पवन साहू की पत्नी सरपंच चुनाव हारीं

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



सोशल मीडिया पर करोड़ों की लोकप्रियता रखने वाले फिटनेस यूट्यूबर पवन साहू की पत्नी कोमल साहू को सरपंच चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। शाहपुरा जिले की फुलियाखुर्द ग्राम पंचायत का यह चुनाव काफी चर्चा में रहा। पवन साहू ने अपनी पत्नी के समर्थन में जोरदार प्रचार किया था, लेकिन इसका फायदा चुनाव परिणाम में दिखाई नहीं दिया।

चुनाव में भगवतीलाल सोनी ने 1203 वोट हासिल कर जीत दर्ज की। वहीं कालूराम जाट 797 वोट लेकर दूसरे स्थान पर रहे। पवन साहू की पत्नी कोमल साहू को महज 277 वोट मिले और वह तीसरे स्थान पर रहीं।

करोड़ों फॉलोअर्स के बावजूद नहीं मिला समर्थन

पवन साहू सोशल मीडिया के चर्चित चेहरे हैं। इंस्टाग्राम पर उनके करीब 70 लाख फॉलोअर्स और यूट्यूब पर 2.77 करोड़ सदस्य हैं।

चुनाव प्रचार के दौरान उनकी लोकप्रियता और सोशल मीडिया पर सक्रियता को लेकर फुलियाखुर्द पंचायत का मुकाबला खासा चर्चा में रहा।

पवन साहू ने अपनी पत्नी के समर्थन में चुनाव प्रचार किया था। इसके बावजूद मतदाताओं ने भगवतीलाल सोनी के पक्ष में अधिक मतदान किया। नतीजों के बाद सोशल मीडिया की लोकप्रियता और ग्रामीण चुनाव में स्थानीय जनसमर्थन के बीच अंतर को लेकर भी चर्चा हो रही है।

नगर निगम भीलवाड़ा ने चार आलीशान कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स पर जड़े ताले

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



शहर में अवैध निर्माण करने वालों पर नगर निगम ने आज अल सुबह ऐसा शिकंजा कसा कि पूरे शहर में खलबली मच गई। सूरज निकलने से पहले ही निगम की टीम बुलडोजर की जगह सीजिंग की कार्रवाई लेकर मैदान में उतर गई। देखते ही देखते शहर के चार बड़े कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स के मुख्य दरवाजों पर ताले लटक गए। कार्रवाई की सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि सीज किए गए एक कॉम्प्लेक्स में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की शाखा भी संचालित हो रही थी। निगम की कार्रवाई के बाद बैंकिंग गतिविधियां भी ठप हो गईं। अवैध निर्माण के खिलाफ इस बड़ी कार्रवाई को नगर निगम कमिश्नर कमल सिंह यादव के निर्देश पर अंजाम दिया गया। अतिक्रमण निरोधक शाखा के प्रभारी सहायक अभियंता मुकेश शर्मा के नेतृत्व में सीएसआई संजय खोखर,जोरावर सिंह सहित निगम की टीम सुबह करीब 7 बजे कार्रवाई के लिए निकल पड़ी। टीम के साथ होमगार्ड का जाब्ता भी तैनात रहा। कार्रवाई की शुरुआत गांधीनगर से हुई। यहां राकेश सुतरिया के कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स पर निगम की टीम पहुंची और राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा 194/7 के तहत सीजिंग की कार्रवाई शुरू कर दी। टीम ने कॉम्प्लेक्स का मुख्य दरवाजा बंद कर ताला लगा दिया और निगम का नोटिस चस्पा कर दिया। इसी कॉम्प्लेक्स में भारतीय स्टेट बैंक की शाखा भी संचालित हो रही थी। कॉम्प्लेक्स सीज होने के साथ ही बैंक की गतिविधियां भी प्रभावित हो गईं।

डॉक्टर के इंतजार में हजारों मरीज! सुभाषनगर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में महीनों से चिकित्सा व्यवस्था बेपटरी





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

शहर के सुभाषनगर क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल तस्वीर सामने आई है। यहां स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पिछले कई महीनों से नियमित चिकित्सक की नियुक्ति नहीं होने के कारण हजारों नागरिकों को इलाज के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। सरकारी अस्पताल में डॉक्टर की कुर्सी खाली होने का खामियाजा क्षेत्र के आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। हालत यह है कि छोटी-मोटी बीमारी के उपचार के लिए भी लोगों को शहर के दूसरे सरकारी और निजी अस्पतालों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

सबसे ज्यादा परेशानी गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और मासूम बच्चों को उठानी पड़ रही है। आपातकालीन स्थिति में तत्काल चिकित्सकीय परामर्श और उपचार नहीं मिलने से मरीजों की मुश्किलें बढ़ रही हैं। लोगों का कहना है कि जिस स्वास्थ्य केंद्र का उद्देश्य घर के नजदीक सुलभ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है, वहां नियमित डॉक्टर ही नहीं होने से स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ कैसे मिले? मामले को लेकर आम आदमी पार्टी ने भी आवाज उठाई है। पार्टी की ओर से वार्ड पार्षद और स्थानीय विधायक से कई बार नियमित चिकित्सक की नियुक्ति की मांग की जा चुकी है, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। आप नेता धर्मेंद्र शर्मा ने स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन से सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर क्षेत्र की हजारों आबादी को नियमित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में इतनी देरी क्यों हो रही है?

धर्मेंद्र शर्मा ने मांग की है कि सुभाषनगर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तत्काल नियमित चिकित्सक की नियुक्ति की जाए। साथ ही पर्याप्त चिकित्सा स्टाफ, जरूरी दवाइयों और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि मरीजों को इलाज के लिए भटकना नहीं पड़े।

सात दिन में डॉक्टर नहीं तो सड़क पर उतरेगी आप

धर्मेंद्र शर्मा ने प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग को सात दिन का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समय में नियमित डॉक्टर की नियुक्ति नहीं की गई तो आम आदमी पार्टी क्षेत्रवासियों के साथ मिलकर आंदोलन करेगी। अब सवाल यह है कि क्या स्वास्थ्य विभाग सात दिन के भीतर सुभाषनगर के लोगों को राहत देगा या फिर मरीजों को यूं ही डॉक्टर के इंतजार में भटकना पड़ेगा?

राधे कृष्णा हर्बल
मोरिंगा पाउडर एवं कैप्सूल
30,माणक नगरी बून्दी रोड़ बिजोलिया MO.8426904895

कोटड़ी क्षेत्र में आज सात घंटे बिजली कटौती, सुबह 7 से दोपहर 2 बजे तक बंद रहेगी सप्लाई

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

(सांवर वैष्णव)। कोटड़ी क्षेत्र सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में शनिवार को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की ओर से 132/33 केवी जीएसएस कोटड़ी पर आवश्यक रखरखाव एवं मरम्मत कार्य किया जाएगा। इसके चलते सुबह 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक करीब सात घंटे बिजली बंद रहेगी।

सहायक अभियंता राहुल कुमार जीनगर ने बताया कि इस दौरान कोटड़ी, रेडवास, सवाईपुर, बन का खेड़ा, सगतपुरिया एवं घेवरिया ग्रिड से जुड़े गांवों में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि बिजली कटौती से पहले पानी सहित अन्य आवश्यक कार्य निपटा लें, ताकि परेशानी से बचा जा सके। मरम्मत कार्य पूरा होते ही विद्युत आपूर्ति पुनः सुचारू कर दी जाएगी।

अंडर -17 भीलवाड़ा यूथ प्रीमियर लीग : सुभाष क्लब व अकाय अकादमी ने मैच जीते



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

भीलवाड़ा यंग क्रिकेट क्लब वह भीलवाड़ा क्रिकेट अकादमी के तत्वाधान में न्यू लुक सेंट्रल स्कूल ग्राउंड पर चल रही प्रथम अंडर 17 भीलवाड़ा यूथ प्रीमियर लीग के आज दूसरे दिन खेले गए पहले मैच में सुभाष क्लब ने एमडी-11 भीलवाड़ा को 51 रन से वह अकाय अकादमी ने डीडी राइडर्स को 9 रन से से हराया! सुभाष क्लब ने पहले खेलते हुए 25 ओवर में 131 रन बनाएं देवराज सिंह राठौर ने 47 वह हर्षिल ने 17 रन बनाए पवित्र जैन ने चार विकेट, अथर्व व पंकज ने एक-एक विकेट लिया जवाब में एमडी- 11 भीलवाड़ा 80 रन पर आउट हो गई, अथर्व मालू ने सर्वाधिक 41 रन बनाएं! कृष्णा सिंह ने तीन विकेट, देवराज सिंह वह हेनिल पायक ने दो- दो विकेट, धनंजय सिंह ने 1 विकेट लिया! देवराज सिंह राठौड़ को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया! दूसरे खेले गए मैच में पहले खेलते हुए अकाय अकादमी ने 25 ओवर में 179 रन बनाए जिसमें कर्तव्य वैष्णव ने 66 रन वह हर्ष टाक ने 51 रन बनाये,दिव्यांश व मयंक ने दो-दो विकेट, अंश दुबे व यश तिवारी ने एक-एक विकेट लिया! जवाब में डीडी राइडर्स टीम ने 170 रन, बनाए कमलेश राठौर ने सर्वाधिक 57 रन,आदित्य ओझा ने 23 रन वह मयंक ने 19 रन बनाए,हिमांशु सोमानी व जिनय सिंघवी ने तीन-तीन विकेट लिए, जिनय सिंघवी को मैंने ऑफ़ द मैच का पुरस्कार दिया गया!

आत्मरक्षा शिविर में शिक्षकों को बाल संरक्षण एवं विभागीय योजनाओं की दी जानकारी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, माण्डल में माण्डल तहसील के पीएमश्री विद्यालयों के शिक्षकों के लिए आयोजित आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर के दौरान बाल अधिकारिता विभाग एवं जिला बाल संरक्षण इकाई की ओर से बाल संरक्षण विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक धर्मराज प्रतिहार के निर्देशानुसार संरक्षण अधिकारी अनुराधा तोलंबिया ने शिविर में उपस्थित शिक्षकों को फोस्टर केयर (पालन-पोषण देखरेख), किशोर गृह, शिशु गृह, संप्रेक्षण गृह और दत्तक ग्रहण प्रक्रिया सहित विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। एवं बताया कोई फैमिली यदि बच्चा नहीं रखना चाहती हैं तो महात्मा गांधी परिसर, एवं बाल अधिकारिता विभाग कार्यालय के बाहर स्थिति पालना में शिशु का सुरक्षित त्याग कर सकते है। नशा मुक्ति पर जागरूक किया।

चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के परियोजना समन्वयक राधेश्याम गुर्जर ने हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली, उद्देश्य और जरूरतमंद बच्चों को उपलब्ध कराई जाने वाली सहायता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बाल विवाह के दुष्परिणामों, उसकी रोकथाम और इस दिशा में शिक्षकों की भूमिका पर भी विस्तार से चर्चा की।

एवं कार्यक्रम के अंतः में बाल विवाह, नशा मुक्ति पर प्रतिज्ञा दिलवाई गई।कार्यक्रम में माण्डल तहसील के पीएमश्री विद्यालयों के शिक्षक, पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, माण्डल के प्रधानाचार्य विनीत कुमार शर्मा, अतिरिक्त प्रधानाचार्य नीलम शर्मा सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

'भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात,फोकस के साथ

आसमान में छाए काले बादल, किसानों की बढ़ी चिंता

मक्का की फसल पर बारिश का खतरा, उपज समेटने में जुटे अन्नदाता



भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

(सांवर वैष्णव)। बंगाल की खाड़ी से उठे चक्रवाती तूफान 'अर्नब' के असर से शुक्रवार को सवाईपुर क्षेत्र में मौसम का मिजाज बदल गया। सुबह से ही आसमान में घने काले बादल छाए रहने और ठंडी हवाएं चलने से किसानों की चिंता बढ़ गई। क्षेत्र में इन दिनों मक्का की कटाई और दाने निकालने का काम चल रहा है। कई किसानों की फसल खेतों में सूखने के लिए पड़ी है। ऐसे में बारिश होने पर अनाज और मक्का की कड़बी खराब होने का खतरा है। मौसम को देखते हुए सवाईपुर, बड़ला, बनकाखेड़ा, रेडवास सहित आसपास के गांवों में किसान तिरपाल से फसल ढकने और थ्रेसर से जल्द अनाज निकालकर सुरक्षित करने में जुट गए हैं। किसानों को अब अपनी महीनों की मेहनत पर बारिश की मार पड़ने की चिंता सता रही है।

सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन सख्त, जिले के 32 ब्लैक स्पॉट होंगे दुरुस्त

अवैध कट बंद करने, अतिक्रमण हटाने और ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई के निर्देश, दीपावली से पहले सड़कों की मरम्मत होगी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्था को सुरक्षित बनाने के लिए प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिले के राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर मौजूद अवैध कट बंद करने, 32 ब्लैक स्पॉट का स्थायी सुधार करने, अतिक्रमण हटाने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए गए।

जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर) प्रतिभा देवठिया की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता राजीव जैन ने पिछली बैठक की अनुपालना रिपोर्ट प्रस्तुत की। अधिकारियों को एनएच और एसएच पर सभी अवैध कट चिह्नित कर बंद करने तथा संयुक्त जांच रिपोर्ट पेश करने को कहा गया। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्गों के 23 और शहरी क्षेत्र के 9 ब्लैक स्पॉट पर स्थायी सुधार के निर्देश दिए गए। कोठारी नदी स्थित भदाली खेड़ा पुलिया के ब्लैक स्पॉट का स्थायी समाधान करने तथा रामस्नेही अस्पताल के सामने अवैध कट बंद करने के लिए नगर विकास न्यास को जिम्मेदारी सौंपी गई। एनएच के अंडरपास के दोनों ओर सर्विस रोड पर स्पीड ब्रेकर, रंबल स्ट्रिप और मिरर लगाने के निर्देश भी दिए गए।

दीपावली से पहले सड़कों की होगी मरम्मत

शहर की सड़कों पर दीपावली से पहले पेचवर्क, व्हाइट लाइनिंग, जंगल सफाई और रंग-रोगन कराने के निर्देश दिए गए। स्कूलों, मंदिरों, सामुदायिक भवनों और मैरिज गार्डन के आसपास जेब्रा क्रॉसिंग, रंबल स्ट्रिप तथा चौराहों का विकास किया जाएगा। गंगापुर तिराहे से आरटीओ ऑफिस पुर रोड तक स्पीड ब्रेकर दुरुस्त करने और एनएच-758 के कोटड़ी चौराहे पर पाइपलाइन से हो रहे पानी के रिसाव को बंद करने के निर्देश दिए गए।

ओवरलोड और लापरवाही पर होगी कार्रवाई

राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर नो-पार्किंग में वाहन खड़े करने, विपरीत दिशा में चलने, ओवरलोड परिवहन, बिना हेलमेट और शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ चालान और लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई करने को कहा गया। तेज गति से वाहन चलाने और स्टंट करने वालों पर भी निगरानी रखी जाएगी। खनिज क्षेत्रों में चलने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉलियों, अर्थमूवर्स और अन्य वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाने के लिए 15 दिवसीय शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए गए।



स्कूली बच्चों की सुरक्षा पर विशेष जोर

बैठक में 18 वर्ष से कम आयु के विद्यार्थियों को वाहन लेकर स्कूल आने से रोकने, नियम उल्लंघन पर चालान बनाने और अभिभावकों के साथ समझाइश बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए गए। स्कूल बसों एवं अन्य वाहनों में निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को नहीं बैठाने की हिदायत दी गई। विद्यार्थियों और आमजन को ट्रैफिक पार्क में यातायात नियमों की जानकारी देने पर भी जोर दिया गया।

सड़कों से हटेंगे अतिक्रमण और आवारा पशु

शहर के प्रमुख चौराहों पर अस्थायी एवं स्थायी दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण हटाने और सौंदर्यीकरण के निर्देश दिए गए। शिवाजी गार्डन के पास ट्रांसफार्मर तथा बड़ला चौराहे से मंगल पांडे सर्किल तक अतिक्रमण और थड़ियां हटाने को कहा गया। निराश्रित पशुओं को सरकारी कांजी हाउस और आवारा स्वानों को डॉग शेल्टर पहुंचाने के निर्देश भी दिए गए। इसके अलावा गुड समेरिटन योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने वालों को मिलने वाले 25 हजार रुपये के पुरस्कार का प्रचार-प्रसार बैनर, पोस्टर और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से करने को कहा गया। राहवीर योजना के तहत प्रस्ताव भिजवाने तथा ध्वस्त सॉफ्टवेयर पर दुर्घटनाओं से संबंधित प्रविष्टियों का तत्काल निस्तारण करने के निर्देश भी दिए गए।



QUICK BITES

मतदाता सूचियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम घोषित

12 नवंबर को होगा प्रारूप प्रकाशन, 11 दिसंबर तक दर्ज करा सकेंगे दावे-आपत्तियां

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

निर्वाचन विभाग ने निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है। इसके तहत मतदाता सूचियों को अद्यतन करने के साथ मतदान केंद्रों का पुनर्गठन एवं सुव्यवस्थितकरण किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर ने बताया कि मतदान केंद्रों के पुनर्गठन एवं सुव्यवस्थितकरण की प्रक्रिया 2 नवंबर तक पूरी की जाएगी। इसके बाद 12 नवंबर को एकीकृत मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशित होगा। प्रारूप प्रकाशन के साथ ही 12 नवंबर से 11 दिसंबर तक मतदाता अपने दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत कर सकेंगे। निर्धारित अवधि में प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निस्तारण 28 दिसंबर तक किया जाएगा। पुनरीक्षण की समस्त प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद 4 जनवरी को मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। निर्वाचन विभाग ने निर्धारित समय-सारणी के अनुसार पुनरीक्षण कार्य संपादित करने के निर्देश दिए हैं।

एक शब्द बदल सकता हमारे जीवन की दशा ओर दिशा-आचार्य पुलकसागर महाराज

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



हमारा आचरण ओर व्यवहार ही हमारी ग्रह दशा तय करता है। क्रोध में उंची आवाज में बात करते हुए कुण्डली के ग्रह खराब हो या न हो पर वर्तमान के ग्रह अवश्य खराब हो जाएंगे। ग्रहों की दशा सुधारनी है तो अपना व्यवहार सुधारना होगा। शुद्ध भावों से मीठे शब्द बोलने लगे तो हमारे सब ग्रह अनुकूल हो जाएंगे। ये विचार श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर ट्रस्ट, मैन सेक्टर शास्त्रीनगर के तत्वावधान में सकल दिगम्बर जैन समाज की ओर से भीलवाड़ा में पहली बार चातुर्मास कर रहे राष्ट्र संत मनोज्ञाचार्य पुलकसागरजी महाराज ने शास्त्रीनगर स्थित सूर्यमहल में शुक्रवार को अंतिम चातुर्मासिक प्रवचन श्रृंखला ''जीवन जीने की कला'' पर मंगल दिव्य देशना के दसवें दिन व्यक्त किए। मंगल दिव्य देशना का समापन शनिवार को होगा। उन्होंने कहा कि संत प्रवचन इसलिए देते है कि न जाने कौनसा शब्द आपके मन को छू जाए ओर ग्रहों की दशा के साथ जीवन परिवर्तित हो जाए। रत्नावली का एक शब्द तुलसीदास के मन को लग गया तो वह राम के कृपापात्र हो गए। आचार्यश्री ने कहा कि किसी एक शब्द के कारण मन में वैराग्य के भाव जागृत हो सकते है। संत की वाणी कितनों ने सुनी वह मायने नहीं रखती उस वाणी को सुनकर कितनों का जीवन बदला इससे धर्म प्रभावना होती है। मेरा एक शब्द किसी के जीवन को बदल सके तो प्रवचन देना सार्थक हो जाएगा। व्यक्ति गुस्से में जो शब्द बोलता वह उसके व्यक्तिव की हकीकत बता देते है। उन्होंने भोजन में झूठा नहीं छोड़ने की प्रेरणा देते हुए कहा कि ऐसा करने से अन्नदेवता नाराज होकर ग्रहदशा बिगाड़ देते है। उन्होंने कहा कि सप्ताह में एक बार परिवार के सभी सदस्यों को साथ बैठ चर्चा करनी चाहिए ओर जो समस्या सामने आए उस पर आरोप-प्रत्यारोप नहीं कर समाधान तलाशना चाहिए। ऐसा करने से घर के सदस्यों में आपसी प्रेम भाव मजबूत होगा। आचार्य पुलकसागर महाराज ने कहा कि हम कर्मो की चिट्ठी में कुछ भी लिखे पर उस पर एड्रेस खुद का लिखने से वह लौटकर आपके ही पास आती है। जब उन कर्मो को भोगना पड़ता है तब पता चलता है कि चिट्ठी में क्या लिखा था। कर्मो का खेल बड़ा विचित्र है बंधते समय पता नहीं चलता पर जब छूटते है तो अहसास होता है ओर रोना आता है। व्यक्ति को कोई भगवान सजा नहीं देता वह कर्मो की सजा अपने हाथ से प्राप्त करता है। उन्होंने कहा कि जो संसार को नहीं जानेगा वह संयम को नहीं जान सकेगा। संसार से विरक्ति होने पर संयम के भाव जागृत होते है।



गोकुल शर्मा और रतन राव के भजनों पर देर रात तक झूमे श्रद्धालु

गंगापुर के विशाल मेले में सजी भजन संध्या, सांवरिया सेठ के भजनों से भक्तिमय हुआ माहौल

भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर।



नगर पालिका की ओर से आयोजित विशाल मेले में गुरुवार रात भक्ति और संगीत का अनूठा संगम देखने को मिला। प्रसिद्ध भजन गायक गोकुल शर्मा और रतन राव की सुरमयी प्रस्तुतियों ने ऐसा भक्तिमय माहौल बनाया कि पूरा मेला परिसर देर रात तक भजनों, तालियों और जयकारों से गूंजता रहा। लोकप्रिय भजन गायक गोकुल शर्मा को सुनने के लिए शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और संगीत प्रेमी उमड़े।
करवा चौथ के पावन अवसर पर आयोजित इस विशेष भजन संध्या में महिलाओं की बड़ी भागीदारी देखने को मिली। गोकुल शर्मा ने सांवरिया सेठ और भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति से ओतप्रोत भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। वहीं रतन राव ने भी अपनी शानदार गायकी से श्रोताओं का मन मोह लिया।
भजनों की शुरुआत के साथ ही पंडाल श्रोताओं से खचाखच भर गया। लोकप्रिय भजनों पर श्रद्धालु झूमते और नृत्य करते नजर आए। बीच-बीच में गूंजते जयकारों ने माहौल को और अधिक भक्तिमय बना दिया। देर रात तक कार्यक्रम स्थल पर लोगों की भीड़ बनी रही।
मेले में उमड़ी भीड़ के बीच नगर पालिका की व्यवस्थाओं की भी लोगों ने सराहना की। साफ-सफाई, रोशनी, बैठक व्यवस्था और सांस्कृतिक आयोजनों को लेकर शहरवासियों ने संतोष जताया। लोगों का कहना था कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन मनोरंजन के साथ शहर की परंपरा और सांस्कृतिक विरासत को भी जीवंत बनाए रखते हैं।
गुरुवार रात की भजन संध्या विशाल मेले के प्रमुख आकर्षणों में शामिल रही। भक्ति संगीत की स्वर लहरियों के बीच श्रद्धालुओं ने देर रात तक कार्यक्रम का आनंद लिया।

पदम प्रभु जैन मंदिर का पांचवां स्थापना दिवस 1 व 2 नवंबर को मनाया जाएगा

आचार्य पुलक सागर जी महाराज ससंघ का होगा मंगल आगमन, दो दिवसीय आयोजन में होंगे विधान, महामस्तकाभिषेक और कलशाभिषेक

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



बापू नगर स्थित श्री पदम प्रभु दिगंबर जैन मंदिर में पांचवें स्थापना दिवस एवं वार्षिक कलशाभिषेक समारोह को लेकर धार्मिक आयोजनों की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मनोज्ञाचार्य आचार्य श्री पुलक सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में 1 एवं 2 नवंबर को दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस दौरान मंगल देशना, पदम प्रभु विधान, महामस्तकाभिषेक, शांतिधारा और वार्षिक कलशाभिषेक सहित विभिन्न अनुष्ठान संपन्न होंगे।
ट्रस्ट अध्यक्ष लक्ष्मीकांत जैन ने बताया कि 1 नवंबर रविवार को आचार्य श्री पुलक सागर महाराज ससंघ सूर्य महल से विहार कर प्रातः 8 बजे ईएसआई अस्पताल के पास बापू नगर पहुंचेंगे। यहां से बैंड-बाजों के साथ शोभायात्रा राजकीय डिस्पेंसरी होते हुए प्रातः 8:20 बजे मंदिर पहुंचेगी। इसके बाद 8:30 बजे आचार्य श्री की मंगल देशना, 10 बजे आहारचर्या तथा दोपहर 12:30 बजे विधानाचार्य प्रमोद जैन के निर्देशन में पदम प्रभु विधान होगा। शाम 6:15 बजे आनंद यात्रा एवं भव्य आरती आयोजित होगी।
उन्होंने बताया कि 2 नवंबर को प्रातः 7:30 बजे आचार्य श्री के श्रीमुख से 108 ऋद्धि मंत्रों के साथ सभी प्रतिमाओं का महामस्तकाभिषेक एवं शांतिधारा की जाएगी। प्रातः 10 बजे आहारचर्या के बाद दोपहर 2 बजे मंदिर स्थापना दिवस एवं वार्षिक कलशाभिषेक समारोह प्रारंभ होगा। दोपहर 3 बजे आचार्य श्री की मंगल देशना के पश्चात कलशाभिषेक संपन्न होगा। शाम 6:15 बजे आनंद यात्रा एवं आचार्य श्री की भव्य आरती होगी। प्रचार मंत्री प्रकाश पाटनी ने बताया कि संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज के आशीर्वाद तथा निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव सुधासागर महाराज की प्रेरणा से 11 नवंबर 2021 को मंदिर में प्रतिमाओं की प्रतिष्ठा की गई थी। मंदिर की भव्य वेदी पर 7.25 फीट ऊंची श्वेत ताइवान पत्थर से निर्मित भगवान पदम प्रभु की प्रतिमा सहित पाषाण की भगवान आदिनाथ एवं मुनिसुव्रतनाथ तथा अष्टधातु की भगवान शांतिनाथ एवं पार्श्वनाथ की प्रतिमाएं प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप भैया सुयश, अशोक नगर के निर्देशन में विराजित की गई थीं।
ट्रस्ट मंत्री पूनम चंद सेठी ने बताया कि आचार्य पुलक सागर महाराज ससंघ के आगमन को लेकर जैन समाज में उत्साह का माहौल है। आयोजन से जुड़ी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

चुनावी मुकाबला खत्म, गांव के विकास के लिए प्रतिद्वंद्वी भी आए साथ

बाकरा में राकेश कुमार खटीक ने 386 मतों से जीता सरपंच चुनाव, पदभार ग्रहण समारोह में दिखी आपसी एकजुटता

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।



चुनाव में एक-दूसरे को चुनौती देने वाले प्रत्याशी परिणाम के बाद गांव के विकास के लिए एक मंच पर नजर आए। ग्राम पंचायत बाकरा के नवनिर्वाचित सरपंच राकेश कुमार खटीक ने शुक्रवार को विधिवत पदभार ग्रहण किया। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वियों को 386 मतों से हराकर जीत दर्ज की।
समारोह की खास बात यह रही कि चुनाव में उनके खिलाफ मैदान में उतरे सत्यनारायण शर्मा, सत्यनारायण सेन, दीपक पाराशर, शराफत मोहम्मद और रतन प्रजापत सहित अन्य प्रत्याशियों ने भी उनका स्वागत कर शुभकामनाएं दीं। ग्राम विकास अधिकारी हंसराज बैरवा ने आवश्यक दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करवाकर कार्यभार ग्रहण करवाया, जबकि पूर्व सरपंच निशा देवी मीणा ने पंचायत की चाबी सौंपी।
इस दौरान किशनगढ़ सरपंच शैतान सिंह मीणा, कैलाश तेली, घीसू माली, अशोक मीणा, पुखराज खटीक, अनिल सालवी, जेपी सालवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

एनएच-148डी के चौड़ीकरण पर ग्रामीणों का विरोध, पंडेर में बाईपास बनाने की मांग

सांसद दामोदर अग्रवाल से मिले प्रतिनिधिमंडल ने दुकानों-मकानों को बचाने की रखी मांग

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर ।



पंडेर क्षेत्र से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-148डी के प्रस्तावित फोरलेन एवं सड़क चौड़ीकरण को लेकर ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए बाईपास निर्माण की मांग उठाई है। इस संबंध में ग्राम पंचायत पंडेर के प्रतिनिधिमंडल ने भीलवाड़ा पहुंचकर सांसद दामोदर अग्रवाल से मुलाकात की और समस्या से अवगत कराया।
प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि फोरलेन सड़क गांव के बीच से गुजरने पर सैकड़ों दुकानें और मकान प्रभावित होंगे। इससे ग्रामीणों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। उन्होंने जनहित को ध्यान में रखते हुए पंडेर के लिए बाईपास मार्ग स्वीकृत करवाने की मांग की, ताकि ग्रामीणों के आवास, व्यापारिक प्रतिष्ठानों और आमजन के हितों की सुरक्षा हो सके।
इस दौरान राजमल माली, लोकेश शर्मा, भाजपा नेता देवराज भाट, सोनू शर्मा, दिनेश सुवालका, राधेश्याम माली, पुरुषोत्तम दाधीच सहित प्रतिनिधिमंडल के सदस्य मौजूद रहे।

18 से 19 वर्ष के युवाओं के मतदाता पंजीकरण पर जोर, शत-प्रतिशत नाम जोड़ने का लक्ष्य

स्कूल-कॉलेजों में लगेंगे विशेष शिविर, संस्थानवार होगी पात्र विद्यार्थियों के पंजीकरण की निगरानी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

लोकतंत्र की मजबूती में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए निर्वाचन विभाग ने मतदाता पंजीकरण अभियान को गति देने की तैयारी की है। राजस्थान में 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के पात्र युवाओं और पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं को मतदाता सूची से जोड़ने के लिए अब शत-प्रतिशत पंजीकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके तहत स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में पात्र विद्यार्थियों की पहचान कर उनके नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने की विशेष व्यवस्था की जाएगी।मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र युवा का चिन्हीकरण कर उसका पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि कोई भी युवा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने से वंचित नहीं रहे।

शैक्षणिक संस्थानों में होंगे विशेष पंजीकरण शिविर

अभियान के तहत सरकारी एवं निजी विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययनरत पात्र विद्यार्थियों का संस्थानवार रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा। इसके लिए शिक्षा विभाग और संस्थानों से समन्वय कर विद्यार्थियों की जन्मतिथि सहित सूची प्राप्त की जाएगी। इसके आधार पर मतदाता सूची में पंजीकृत और पंजीकरण से वंचित विद्यार्थियों की पहचान होगी। शेष पात्र विद्यार्थियों के आवेदन लेने के लिए स्कूल-कॉलेजों में विशेष पंजीकरण शिविर भी लगाए जाएंगे।

विधानसभा क्षेत्रवार तय होंगे लक्ष्य

अभियान की निगरानी के लिए प्रत्येक संस्थान से पात्र युवाओं की कुल संख्या, पंजीकृत मतदाताओं, अग्रिम पंजीकरण के लिए आवेदन करने वाले तथा पंजीकरण से शेष युवाओं का आंकड़ा जुटाया जाएगा। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी संस्थानवार एवं विधानसभा क्षेत्रवार कार्ययोजना तैयार करेंगे। इसमें पंजीकरण लक्ष्य, शिविरों की तिथियां, जिम्मेदार अधिकारियों और कार्मिकों की नियुक्ति तथा दैनिक प्रगति की समीक्षा शामिल रहेगी। जिला निर्वाचन अधिकारियों को सभी शैक्षणिक संस्थानों को अभियान से जोड़ने और आगामी एक सप्ताह में निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए समयबद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

अनाथ आश्रमों और निराश्रित गृहों तक भी पहुंचेगा अभियान

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने शिक्षा व्यवस्था से बाहर रह गए पात्र युवाओं को भी अभियान में शामिल करने पर जोर दिया है। इसके तहत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग से पिछले तीन वर्षों में निराश्रित आश्रय गृहों और अनाथ आश्रमों में पले-बढ़े युवाओं की सूची मांगी गई है। इन युवाओं का चिन्हीकरण कर उनका भी मतदाता पंजीकरण कराया जाएगा, ताकि कोई भी पात्र युवा अपने मताधिकार से वंचित न रहे।

एसएसआर-2027 के साथ भी चलेगा पंजीकरण अभियान

निर्वाचन आयोग ने अर्हता तिथि 1 जनवरी के आधार पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसएसआर-2027) निर्धारित किया है। इसके तहत मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशन 12 नवंबर को तथा अंतिम प्रकाशन 4 जनवरी को होगा। इसके अलावा 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर की आगामी अर्हता तिथियों के लिए भी अग्रिम पंजीकरण आवेदन प्राप्त किए जा सकेंगे। निर्वाचन विभाग का उद्देश्य नए युवा मतदाताओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ना और मतदाता सूची में पात्र युवाओं की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करना है।

हुनर से रोजगार तक का सफर, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की अनूठी पहल

भाविप स्वामी विवेकानंद शाखा ने लगाया कौशल प्रशिक्षण शिविर, डिजाइनर बैग और सजावटी उत्पाद बनाने का दिया प्रशिक्षण

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

महिलाओं को केवल हुनर सिखाना ही नहीं, बल्कि उस हुनर के जरिए उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाकर समाज में नई पहचान दिलाना भी जरूरी है। इसी सोच के साथ भारत विकास परिषद की स्वामी विवेकानंद शाखा ने महिलाओं और युवतियों को स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में सराहनीय पहल की। महिला जागरूकता एवं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ प्रकल्प के तहत शाखा की ओर से तेजस्विनी-समर्थ संस्कार सफलता कार्यक्रम के अंतर्गत प्रज्वलन एवं हुनर आत्मनिर्भरता विषय पर विशेष कौशल प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में महिलाओं को रचनात्मक कलाओं का व्यावहारिक प्रशिक्षण देकर उनके हुनर को रोजगार का माध्यम बनाने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं और युवतियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को कपड़े से



आकर्षक चेन वाले बैग तैयार करने तथा उन पर सुंदर पेंटिंग कर डिजाइनर लुक देने की कला सिखाई गई। इसके साथ ही घरों की सजावट को आकर्षक बनाने के लिए विभिन्न डिजाइनों में मिनिएचर और मिनी फ्लावर पॉट्स बनाने का प्रशिक्षण भी दिया गया। प्रशिक्षकों ने प्रत्येक कला की बारीकियों को व्यावहारिक रूप से समझाया, ताकि प्रतिभागी स्वयं इन उत्पादों को तैयार कर सकें। शिविर का उद्देश्य महिलाओं की रचनात्मक क्षमता को निखारने के साथ उन्हें ऐसे कौशल से जोड़ना रहा, जिनका उपयोग वे घर बैठे भी कर सकें। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं ने पूरे उत्साह और तन्मयता के साथ नई कलाएं सीखीं। तैयार किए जाने वाले उत्पादों की सुंदरता और उपयोगिता ने भी प्रतिभागियों में विशेष रुचि पैदा की। इस तरह शिविर ने महिलाओं को अपनी प्रतिभा पहचानने और उसे आर्थिक गतिविधियों में बदलने का अवसर प्रदान किया। इस अवसर पर महिला संयोजिका ने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए उन्हें हुनरमंद बनाना समय की आवश्यकता है। ऐसे प्रशिक्षण शिविरों के माध्यम से महिलाएं अपनी रुचि और कौशल को विकसित कर सकती हैं तथा अपने हुनर के बल पर स्वरोजगार की राह चुन सकती हैं। इससे वे न केवल आर्थिक रूप से मजबूत बनेंगी, बल्कि परिवार और समाज में भी अपनी अलग पहचान स्थापित कर सकेंगी। उन्होंने कहा कि तेजस्विनी कार्यक्रम का मूल उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और आत्मनिर्भरता की भावना विकसित करना है। शिविर के सफल एवं प्रेरणादायी आयोजन पर शाखा के सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त की।

मौसम ने बदली करवट, हल्की बारिश से किसानों की बढ़ी चिंता

सर्द हवाओं ने बढ़ाई ठिठुरन, अलाव के सहारे दिन गुजार रहे ग्रामीण

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।

जसवंत पारीक । कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार को मौसम ने अचानक करवट ली। तेज हवाओं के साथ हुई हल्की बारिश ने जहां मौसम में ठंडक घोल दी, वहीं किसानों की चिंता भी बढ़ा दी। मौसम में आए बदलाव को देखते हुए किसान अपनी फसलों को सुरक्षित रखने और समेटने में जुटे रहे।

दिनभर चली सर्द हवाओं के चलते



ग्रामीणों को ठिठुरन का अहसास हुआ। लोगों ने ठंड से बचाव के लिए अलाव का सहारा लिया और गर्म कपड़े निकाल लिए। वहीं शाम ढलते ही ठंड का असर बढ़ने से गांवों के बाजारों में सन्नाटा पसरने लगा और आम दिनों की अपेक्षा लोगों की आवाजाही कम नजर आई। अचानक बदले मौसम ने जनजीवन के साथ किसानों की दिनचर्या को भी प्रभावित किया।

QUICK BITES

सरदार पटेल जयंती पर भीलवाड़ा में निकलेगी 'रन फॉर यूनिटी', सांसद दिखाएंगे हरी झंडी

आज सुबह 8 बजे कलेक्ट्रेट से होगी शुरुआत, पुलिस लाइन में संपन्न होगी दौड़

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर शनिवार को शहर में 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया जाएगा। राज्य सरकार के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में युवाओं के साथ शहर के आम नागरिक भी एकता और अखंडता का संदेश लेकर दौड़ में शामिल होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 8 बजे जिला कलेक्ट्रेट परिसर से होगी। सांसद दामोदर अग्रवाल हरी झंडी दिखाकर रन फॉर यूनिटी को रवाना करेंगे। रैली निर्धारित मार्ग से होते हुए पुलिस लाइन पहुंचेगी, जहां इसका समापन होगा।

जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने आयोजन को सफल एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चन्द्रभान सिंह भाटी को नोडल अधिकारी तथा जिला खेल अधिकारी हेमेन्द्र सिंह राणावत को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। साथ ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय से आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

खेलेंगे तो खिलेंगे योजना से निखरी प्रतिभाएं, तीन खिलाड़ियों का राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन

भीलवाड़ा की कृतिका, परी और चंचल हैदराबाद में दिखाएंगी दमखम, 11 नवंबर को होंगी रवाना

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

विधायक अशोक कुमार कोठारी की खेल विकास योजना 'खेलेंगे तो खिलेंगे' स्थानीय खिलाड़ियों के लिए बेहतर मंच साबित हो रही है। योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर रही तीन महिला एथलीटों ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जगह बनाकर भीलवाड़ा का गौरव बढ़ाया है।

गर्ल्स कॉलेज खेल मैदान पर आयोजित एथलेटिक्स चयन प्रतियोगिता में गर्ल्स कॉलेज सेंटर की कृतिका चौहान और परी पवार तथा प्रताप नगर सेंटर की चंचल कंवर पवार का हैदराबाद में होने वाली राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। तीनों खिलाड़ी 11 नवंबर को प्रशिक्षक मनीषा सोलंकी और एथलेटिक्स कोच धर्मपाल यादव के साथ हैदराबाद रवाना होंगी।

योजना के संयोजक शिक्षाविद् विवेक निमावत और खेल संयोजक अजीत जैन ने बताया कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर के खिलाड़ी भाग लेंगे। तीनों खिलाड़ियों के चयन पर विधायक अशोक कुमार कोठारी ने खुशी जताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास से खिलाड़ी ऊंचे मुकाम हासिल कर सकते हैं।

इस उपलब्धि पर प्रशिक्षक दिनेश सोलंकी, महेश शर्मा, पलक राजपूत सहित खिलाड़ियों के अभिभावकों ने खुशी जताई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

होड़ा में सत्यनारायण गुर्जर ने संभाली सरपंच की कमान

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।



ग्राम पंचायत होड़ा में शुक्रवार को नवनिर्वाचित सरपंच सत्यनारायण गुर्जर ने विधिवत पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए और उनका स्वागत कर नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

समारोह के दौरान ग्रामीणों ने गांव के विकास, मूलभूत समस्याओं के समाधान और जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने की अपेक्षा जताई।

मोमी की रूपा रेबारी का राष्ट्रीय कुश्ती टीम में चयन

33 किलो भार वर्ग में दिल्ली में दिखाएगी दमखम, गांव में खुशी की लहर

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोमी की कक्षा 9वीं की छात्रा रूपा रेबारी ने कुश्ती में शानदार प्रदर्शन करते हुए बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उसका चयन 70वीं राष्ट्रीय स्तरीय 14 वर्षीय छात्रा कुश्ती प्रतियोगिता के लिए राजस्थान टीम में 33 किलोग्राम भार वर्ग में हुआ है। प्रतियोगिता आगामी माह दिल्ली में आयोजित होगी।

विद्यालय के प्रधानाचार्य गोवर्धन लाल कुमावत ने बताया कि रूपा ने जिला एवं राज्य स्तरीय चयन ट्रायल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर टीम में जगह बनाई। वहीं शारीरिक शिक्षक गिरिराज विश्नोई ने बताया कि रूपा पिछले एक वर्ष से नियमित अभ्यास कर रही है और उसकी कुश्ती तकनीक काफी बेहतर है।

इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार एवं ग्राम मोमी में खुशी का माहौल है। कल्याण विश्नोई, रामनिवास विश्नोई, जगदीश राजोरा, नवीन मारू, गौरीशंकर माली, कालू रेबारी, ऊदाबा रेबारी, सोहनलाल लुहार, देवी लाल प्रजापत, प्रहलाद रेबारी सहित ग्रामीणों ने रूपा को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।